# देश में अगले साल तक 900 किमी क्षेत्र में मेट्रो का संचालन

लखनऊ | विशेष संवाददाता

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा है कि अगले साल तक देश में 900 किमी क्षेत्र में मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। कोविड से पहले यात्रियों की संख्या 85 लाख तक पहुंच गई थी। फिलहाल 30-35 लाख है। कोविड के हालात सामान्य होते ही संख्या एक करोड़ हो जाएगी। यह बातें उन्होंने एक्सपो के दौरान आजादी के सौ साल होने पर भारत में मेट्रो की स्थिति बयां करते हुए कहीं।

केंद्रीय सचिव ने कहा कि आजादी के सौ साल पूरे होने पर कम से कम देश के सौ शहरों में मेट्रो चलेगी। अब

## मुंशी पुलिया से जानकीपुरम मेट्रो अगले फेस में : केशव

यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी कुमार केशव ने कहा कि लखनऊ में दूसरे चरण में मुंशी पुलिया से जानकीपुरम, आईआईएम लखनऊ से राजाजीपुरम, चारबाग से एसजीपीजीआई और इंदिरा नगर से अवध बिहार योजना इकाना स्टेडियम तक करीब 47.94 किलोमीटर में मेट्रो चलाने की तैयारी है।

---

देश में 500 किलोमीटर में मेट्रो चल रही है, तब 5000 किलोमीटर में चलाने का लक्ष्य है।